तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024

10 फिर बोतल से बाहर निकला सफीदों को जिला बनाने का जिन्न


10 बारिश के मौसम में जलभराव को रोकने की कवायद तेज


## खबर संक्षेप



### विशाल जिला केसरी तो अंकित बने जिला कुमार

**जींद।** खेल विभाग द्वारा 23 से 24 जून तक दो दिवसीय जिला स्तरीय अखाडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें जुलाना निवासी विशाल को जिला केसरी व मोहनगढ़ निवासी अंकित को जिला कुमार विजेता घोषित किया गया। लडकियों में निडानी निवासी तानिया जिला कुमारी चुना गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि खेल उपनिदेशक सुमित कुमार रहे।



### अवैध कब्जे हटाने के लिए प्रशासन तक गुहार

**उचाना।** गांव खेड़ी मंसानिया को अवैध कब्जों से मुक्त बनाने के लिए 2016 से पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं अजमेर वकील लगे हुए है। करीब आठ साल से वो निरंतर अवैध कब्जों को हटाने के लिए शासन, प्रशासन को गुहार लगा चुके है लेकिन इस पर कोई संज्ञान नहीं हो रहा है। एडवोकेट अजमेर वकील ने एसडीएम गुलजार मलिक के माध्यम से राज्यपाल, सीएम हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा।

### भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी

**अलेवा।** अलेवा पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर नगूरां-जीवनपुर लिंक मार्ग पर नाकेबंदी कर जींद की तरफ से आ रही एक टाटा एस गाड़ी में बिना परमिट के भरी 2407 बोतल अवैध ठेका शराब देसी समेत नरवाना रोड जींद की शीतलपुर कालोनी निवासी चालक को मौके से काबू किया है।

### नगद इनाम व छात्रवृति के लिए आवेदन 30 तक

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि खेल विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 (01.01.2023 से 31.03.2024) तक की खेल उपलब्धियों के आधार पर नगद ईनाम तथा छात्रवृति के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी खिलाड़ी आवेदन 30 जुलाई सायं पांच बजे तक जिला खेल अधिकारी के कार्यालय अर्जुन स्टेडियम में जमा करवा सकते हैं।

### कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह आज उचाना में

**उचाना।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह हलके में 26, 27 जून को दौरे पर रहेंगे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि 26 जून को बुडायन, मखंड, काकड़ोद गांव के दौरे होगे तो 27 जून को कुचराना कलां, कुचराना खुर्द एवं घोघड़िया गांव के दौरे होंगे। निरंतर हलके के दौरे पर पूर्व सांसद है।

### ओबीसी वर्ग को सीएम का तोहफा : संदीप

**उचाना।** हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा की गई घोषणाओं का भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप घोघड़िया ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि ओबीसी समाज के हजारों युवाओं के साथ-साथ परिवारों को लाभ मिलेगा। सीएम हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहे हैं। इससे प्रदेश का हर वर्ग उत्साहित है। घोघड़िया ने कहा कि इस समय गुरप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वगोंर् का आरक्षण 15 प्रतिशत है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाएगा।

## कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल टॉपर

# प्रदेश में सबसे पहले सीआरएसयू ने किया अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित

वाणिज्य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीसी डा. रणपाल। फोटो : हरिभूमि

**स्नातक अंतिम वर्ष के टॉपर्स**


बीए में प्रथम रही रूबल।


बीएससी मेडिकल में प्रथम तनिष्का।


बीकॉम में प्रथम रही ईशा।


बीकॉम ऑनर्स में प्रथम रही प्राची।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों में घोषित कर दिया गया है। इतना जल्दी परीक्षा परिणाम किसी भी विश्वविद्यालय ने जारी नही किया है।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा लगातार छात्रहित में निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी के चलते प्रदेशभर के सभी विश्वविद्यालयों में सबसे पहले सीआरएसयू ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। पिछले साल भी अंतिम वर्ष के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जून माह के अंतिम सप्ताह में घोषित कर दिए गए थे और इस सत्र भी परीक्षा का परिणाम एक सीमित समय में दे कर विश्वविद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया है। सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा है और इस वर्ष भी सभी संकायों में छात्राओं ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

परीक्षा नियंत्रक डा. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में दूसरे स्थान पर 84.29 प्रतिशत अंक के साथ इशा व 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही है। यह दोनों छात्राएं भी एसडी महिला कॉलेज की छात्राएं हैं। वाणि'य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा दीपिका बंसल तथा तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तमन्ना रही है। बीएससी नॉन मेडिकल में 91 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज से 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ तन्नू देवी रही। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद से 87.24 अंकों के साथ मोनी रही। बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही है। दूसरे स्थान पर 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय से मुस्कान व इसी कॉलेज से 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अंशु रही। बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कालेज से ही दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः 75.38 अंकों के साथ रवीना व 74.52 अंक के साथ इशू रही।


जींद। बैठक में भाग लेती हरियाणा बाल विकास एवं आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की सदस्य।

### मांगों का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : छोटा देवी

**जींद।** हरियाणा बाल विकास एवं आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन द्वारा आहुत आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर की बैठक भारतीय मजदूर संघ के जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष छोटा देवी गहलोत ने की जबकि संचालन रा'य कोषाध्यक्ष संतरो देवी ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा व संगठन मंत्री नंदकिशोर ढिगाना मौजूद रहे। इस अवसर पर सुनीता, गीता देवी, रेखा रानी, राजू देवी, उर्मिला, संतोष, सुजाता, रजनी, भावना, राजकली, रजवंती आदि अनेक आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कर्मी व हेल्पर मौजूद रही।


जींद। गाड़ी को देखते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### कार में युवती के साथ युवकों पर लाठी डंडों से किया हमला

**जींद।** कोर्ट चौक के नजदीक कार में युवकों के साथ सवार युवती के परिजनों ने युवकों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। घटना के दौरान काफी लोग एकजुट हो गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने पर हमलावरों समेत दूसरे पक्ष के युवक भी गाड़ी छोड़ कर पफरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने मौके से गाड़ी को हिरासत में ले लिया और युवती को अपने साथ थाने में ले गए। कोर्ट चौक के सामने एक निजी अस्पताल के नजदीक काली गाड़ी में सवार होकर एक युवती के साथ कुछ युवक आए थे। इस दौरान वहां पर युवती के परिजन भी पहुंच गए। जिन्होंने गाड़ी में युवती के साथ सवार युवकों पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया। जिसमें युवकों को चोटें आई। पुलिस के आने के बाद युवक मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने वहां पर खड़ी गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें भी तेजधार हथियार मिले। बाद में पुलिस ने जांच कर लडक़ी को मौके पर बुलाया और उसको अपने साथ थाने में ले गए। बाद में पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी की जांच की और गाड़ी को थाने में ले गए। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी के आधार पर गाड़ी सवार युवकों की तलाश की जा रही है।

## बदमाशों ने डेयरी संचालक और उसकी पत्नी को गंडासी, ईंटों से हमला कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

**पुलिस अधीक्षक से शिकायत**

मामले को लेकर कॉलोनीवासी पुलिस अधीक्षक उपासना से भी मिले और शिकायत देकर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। एसपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

शहर की बाला जी कॉलोनी में तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक डेयरी संचालक और उसकी पत्नी पर गंडासी, ईंट व सीमेंट के ब्लॉकों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। बाद में तीनों डेयरी संचालक की जेब से 26 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। कैथल निवासी प्रवीण ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह कॉलोनी में दूध की डेयरी चलाता है। 24 जून को वह और उसकी पत्नी सोनिया डेयरी पर आए। उसने दुकान का शटर खोलकर अपनी मोटरसाइकिल बाहर निकाल दी। इतनी देर में तीन नौजवान लडके जो मुंह ढंके हुए थे, वे रेलवे फाटक की तरफ से हाथों में गंडासियां लेकर आए और उन दोनों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उन्हें गंडासियों के साथ-साथ ईंटों और सीमेंट के ब्लॉकों से हमला कर घायल कर दिया। उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उसकी जेब से 26 हजार रुपये चोरी कर ले गए। ममाले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

## संदिग्ध हालात में सर्विस सेंटर पर गोली लगने से युवक गंभीर

- सर्विस के लिए आई गाड़ी में रखे असलहा से युवक कर रहा था छेड़छाड़
- सर्विस स्टेशन पर ताऊ के बेटे के साथ पहले दिन ही आया था काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


25 जे 12 मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

सफीदों रोड सर्विस स्टेशन पर मंगलवार संदिग्ध हालात में गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। असलहा सर्विस के लिए आई गाड़ी के डैश बोर्ड में रखा हुआ था। उसी असलहा से छेड़छाड़ के दौरान गोली चलना बताया गया है। युवक को गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक रेफर किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हैबतपुर निवासी अशीष (18) मंगलवार को सफीदों रोड पर गाड़ी सर्विस सेंटर पर अपने ताऊ के बेटे शिवम के साथ काम सिखने आया था। सर्विस सेंटर पर सर्विस के लिए गाड़ी आई हुई थी। सर्विस के दौरान दोनों गाड़ी के अंदर थे। उसी दौरान संदिग्ध हालात में गोली चल गई। गोली आशीष के सिर में जा लगी।

### असलहा से छेड़छाड़ के दौरान चली गोली

घायल अशीष के ताऊ के बेटे शिवम ने बताया कि आशीष का सर्विस स्टेशन पर पहला ही दिन था। वह दोनों सर्विस के लिए गाड़ी की सर्विस कर रहे थे। गाड़ी के डैश बोर्ड में असलहा रखा हुआ था। अशीष असलहा को निकाल कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसी दौरान असलहा गिरने से गोली चल गई। जो अशीष के चेहरे पर लग कर खोपड़ी में जा धंसी। जिसमें अशीष गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सीएम फ्लाइंग ने सब डिवीजनों पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम।

सीएम फ्लाइंग ने मंगलवार को जींद सब डिवीजन दो तथा उचाना बिजली सब डिवीजनों में छापेमारी की। उचाना में ट्यूबवैलों के बिजली कनेक्शन काफी संख्या में पेंडिंग मिले तो जींद सब डिवीजन में रिकवरी काफी सुस्त पाई गई। जींद सब डिवीजन में एक कर्मी गैर हाजिर पाया गया तो उचाना सब डिवीजन में सात कर्मी गैर हाजिर पाए गए। जींद सब डिवीजन में सफाई व्यवस्था का भी जनाजा निकला पाया गया। सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि जींद बिजली सब डिवीजन दो तथा उचाना सब डिवीजन में शिकायतों का निपटान नही हो रहा है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। सूचना के आधार पर मंगलवार को डीएसपी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने जींद के बिजली सब डिवीजन नंबर दो पर दस्तक दी। टीम में सब इंस्पैक्टर सतपाल, बिजेंद्र, कर्मबीर, रणधीर को भी शामिल किया गया। टीम द्वारा हाजिरी रजिस्टर जांचने पर एक कर्मी गैर हाजिर पाया गया। रिकार्ड जांचने पर रिकवरी काफी कम पाई गई। बिजली निगम ने बिजली चोरी रोकने के लिए 165 कार्रवाई की। जिसमें महज 46 केसों में रिकवरी पाई गई। जबकि 119 रिकवरी के मामले पैंडिंग पाए गए। जिनकी राशि दो करोड़ 65 लाख 24 हजार 203 रुपये की राशि बकाया पाई गई। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि जींद सब डिवीजन दो तथा उचाना सब डिवीजनों का औचक निरीक्षण किया गया था।

## फर्जीवाड़ा कर बैंक को 11.96 लाख का चूना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- बाप बेटे समेत राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज
- वर्ष 2007 में दूसरे बैंक से लोन के मामले मे हो चूके थे डिफाल्टर

फर्जी कागजातों का सहारा लेकर तथा राजस्व विभाग के कर्मियों के साथ मिलीभगत कर बैंक से 11.96 लाख रुपये लोन लेकर हड़पने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने बाप व बेटा को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाप धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक सफीदों के मैनेजर राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव डिडवाडा निवासी सेठपाल तथा उसके पिता नौबत सिंह ने सर्व ग्रामीण बैंक से जमीन पर 11.96 लाख रुपये का लोन लिया था। जबकि उस जमीन पर आरोपितों ने वर्ष 2007 में पीएनबी शाखा अंटा से तीन लाख 25 हजार रुपये का लोन लिया हुआ था। जिसका भुगतान आरोपितों ने नही किया था। आरोपितों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा कर्मियों के साथ मिलीभगत कर एनओसी ले ली। जबकि आरोपितों की जमीन पीएनबी बैंक के यहां राशि का भुगतान न करने पर रहन थी। आरोपितों ने बैंक से लोन लेते समय जमाबंदी, राजस्व रिकार्ड, प्रस्तुत किए। जिसमें हलका पटवारी द्वारा पिछला लोन चुकाया दिखाया गया। जिसके बाद आरोपितों ने सर्व ग्रामीण बैक से 11.96 लाख का लोन ले लिया।

## टेली ग्रुप से जोड़ टास्क देकर तीन लाख का चूना

- शुरू में दिया अच्छा मुनाफा, फिर ज्यादा राशि लगवा कर की धोखाधड़ी
- साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ टास्क देकर निजी चिकित्सक को तीन लाख 37 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंद्रा कालोनी निवासी ओमरत्न ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी क्लीनिक चलाता है। मार्च माह मे उसके व्हाट्सअप पर मैसज आया। जिसमें कहा गया कि गूगल मैप की लोकशन रिव्यू करो, जिसमें आपको रिवार्ड दिया जाएगा। जिसके बाद उसे टेलीग्राम आईडी से जोड़ लिया गया। जिसमें टास्क की योजना के बारे में बताया गया। जिस पर एक हजार रुपये लगाए तो उसे अगले दिन 1500 रुपये मिले। जिस पर उसे तीन हजार लगाने के लिए बोला गया। जिसका लाभ उसे 4300 रुपये दिया गया। जिसके बाद उसे अलग-अलग आईडी पर 15 हजार रुपये लगाने के लिए बोला गया। इसी प्रकार आरोपितो ने एक अप्रैल तक तीन लाख 37 हजार 449 रुपये की धोखाधडी कर ली। साइबर थाना पुलिस ने ओमरत्न की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव पाडला के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर डीसी को सौंपा ज्ञापन

# केंद्रीय पॉवर ग्रिड बनाने के मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। डीसी को ज्ञापन सौपते पाडला के ग्रामीण व भाकियू नेता महावीर नरड।


लघु सचिवालय के मुख्य द्वार के सामने धरना पर बैठे भाकियू नेता और पाडला के ग्रामीण।

जिले के गांव पाडला में केंद्रीय पॉवर ग्रिड बनाने का मामला तूल पकड़ गया है। ग्रामीणों ने इसके विरोध में मंगलवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया तथा डीसी प्रशांत पंवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसान नेता महावीर नरड भी ग्रामीणों सहित किसानों के साथ लघु सचिवालय में पहुंचे और किसानों के रोष प्रदर्शन में हिस्सा लिया। डीसी प्रशांत पंवार से मिलने के बाद किसान आश्वस्त दिखाई दिए। कहा कि वे डीसी को ज्ञापन देने आए थे, ग्रामीणों ने बताया कि डीसी ने ज्ञापन लेते हुए कहा है कि पाडला गांव के किसान अगर जमीन नहीं देना चाहते है तो उनकी इस बात से उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया जाएगा। इससे पहले सुबह 10 बजे ही किसान लघु सचिवालय पहुंच गए थे और पाडला गांव में केंद्रीय पॉवर ग्रिड द्वारा जमीन अधिकृत करने को लेकर रोष जताया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सरकार ने जमीन जबरन अधिकृत करने की सोची और मांग को नहीं माना तो पूरा गांव खेतों में आकर बैठ जाएगा, लेकिन किसी भी कीमत पर जमीन अधिग्रहण नहीं होने देंगे। किसान नेता महावीर नरड़ ने कहा कि अगर पाडला गांव में जमीन अधिग्रहण को लेकर सरकार ग्रामीणों की मांग नहीं मानती तो वे एक कमेटी बनाएंगे। कमेटी किसानों के साथ मिलकर काम करेगी। ग्रामीण रोशन लाल पाडला ने बताया कि वह सोमवार पावर ग्रिड के डीएम से मिले थे। उन्हें भी ज्ञापन दिया गया था।

**यह है पूरा मामला**

ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव से पहले सोलर प्लांट लगाने वाली एक कंपनी ने पाडला गांव में सर्वे किया था जिन्होंने शुरूआत में 240 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने की बात कही थी। अब 300 एकड़ में प्लांट लगाने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसको लेकर कोई सहमति किसानों की नहीं ली गयी। जिस पट्टी में ये प्लांट लगाया जाना उसमें कुल 400 एकड़ ही जमीन है। यदि 300 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर ली तो ग्रामीण बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। यदि जमीन नहीं रहेगी तो छोटे जमींदार कैसे अपना गुजारा कर पाएंगे।

# सफीदों के लोगों को है गोहाना में शामिल करने का डर

# उठी मांग: फिर बोतल से बाहर निकला सफीदों को जिला बनाने का जिन्न

इस वक्त क्षेत्रभर में सोशल मीडिया पर सफीदों को जिला बनाने के कन्टेंट लगातार ट्रेंड कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

असंध, गोहाना, हांसी, डबवाली व मानेसर को जिला बनाए जाने की बातें उठने के बाद एक बार फिर से सफीदों को जिला बनाने का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है। इस वक्त क्षेत्रभर में सोशल मीडिया पर सफीदों को जिला बनाने के कन्टेंट लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। हर कोई इसको लेकर अपनी-अपनी बातें लिख रहा है और सबका लब्बोलुआब एक ही कि सफीदों को किसी नए बनने वाले में जिले में शामिल करने की बजाए इसे ही जिला बनाया जाए। इसके लिए विभिन्न प्रकार के तर्क व आंकड़े भी दिए जा रहें हैं। लोग इस मामले में सामुहिक संघर्ष एवं प्रयास करने की बातें कह रहे हैं।

## क्या है मामला

हरियाणा सरकार के द्वारा असंध, गोहाना, हांसी, डबवाली व मानेसर को जिला बनाने की बाते चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हाल ही में जींद में आयोजित एक कार्यक्रम में नॉर्म पूरा होते ही गोहाना को प्रदेश का 23वां जिला बनाने की बात कही थी। उनकी इस घोषणा के बाद इस बात को ओर अधिक बल मिला और सफीदों के लोग इस मसले को लेकर गंभीर दिखने लगे। लोग इस मामले में मिलकर लड़ाई लड़कर सफीदों को ही जिला बनवाने की बात कह रहे हैं।



सफीदों। सफीदों में मध्य में विद्यमान महाभारतकालीन नागक्षेत्र सरोवर मंदिर।

## लोग क्या देते हैं तर्क

सफीदों एक ऐतिहासिक नगरी है तथा इसका महाभारतकालीन सभ्यता में विस्तृत वर्णन है। यहां पर ऐतिहासिक महाभारतकालीन नागक्षेत्र सरोवर व मंदिर आज भी विद्यमान है जोकि सफीदों क्षेत्र की पौराणिकता को दर्शाता है। लोगों कहना है कि सफीदों में डाक सेवा 1885 में ब्रिटिश सरकार से संधि करके शुरू की गई थी। सन 1889 में यहां पहला अपर प्राइमरी स्कूल बन गया था। 1914 में यहां कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी शुरू हो गई थी। जींद-पानीपत रेलसेवा सन 1916 में शुरू हुई तथा सफीदों में रेलवे स्टेशन का निर्माण 1931 में हो गया था। यहां पर एलोपैथिक डिस्पेंसरी 1918 में प्रारंभ हो गई थी और 1971 में इसे अस्पताल का दर्जा मिला था। सफीदों में अनाज मंडी की स्थापना 1920 में हो गई थी तथा यहां नगरपालिका 1938 में बन गई थी। सन 1952 में सफीदों विधानसभा क्षेत्र बना था और सन 1968 में सफीदों तहसील बन गई थी। सन 1975 में यहां न्यायालय की स्थापना हो गई और सन 1980 में सफीदों सबडिवीजन बन गया था। लोगों का कहना है कि जब रियासतों को समाप्त करके उनका विलय भारत में किया गया तो रियासत जींद को सबसे पहले 15 जुलाई 1948 को भारत के एक नए रा'य पेप्सू में मिला दिया गया। तब संगरूर जिला बना तथा सफीदों इस जिले में शामिल था। 1 नवंबर 1966 को जब हरियाणा अस्तित्व में आया तब जींद, सफीदों एवं दादरी तो हरियाणा में आ गए मगर संगरूर पंजाब में ही रह गया था। उस समय जिला जींद बन गया तथा सफीदों को तहसील बना दिया गया था। इस तरह सफीदों की उत्पत्ति एवं अस्तित्व बहुत पौराणिक है। ऐसे में जिला बनाए जाने का पहला हक गोहाना से पहले सफीदों का बनता है।

### क्या कहते है जिला बनाओ संघर्ष समिति के प्रधान मनोज दीवान



प्रधान मनोज दीवान

तात्कालीन जिला बनाओं संघर्ष समिति के प्रधान मनोज दीवान का कहना है कि इस मामले में क्षेत्रभर के मौजिज लोगों की जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी। उस बैठक में ही कोई आगामी फैसला लिया जाएगा। उन्होंने अपनी मांग को दोहराते हुए कहा कि सफीदों के पौराणिक इतिहासिक महत्व को देखते हुए इसे जल्द से जल्द जिला बनाया जाए।

### सफीदों के लोगों को है गोहाना में शामिल करने का डर

सफीदों के लोगों का इस बात का डर सता रहा है कि कहीं उन्हे जींद से निकालकर नए बनने वाले जिले गोहाना में शामिल ना कर दिया जाए। यह मामला कोई नया नहीं है। सन 2009 में भी सफीदों को गोहाना में शामिल होने की बात सामने आई थी। जिसको लेकर लोगों ने पूर्व पालिका प्रधान मनोज दीवान के नेतृत्व में जिला बनाओ संघर्ष संघर्ष समिति का भी गठन किया था। लोगों ने अनेक प्रकार से धरने-प्रदर्शन करके अनेक ज्ञापन अधिकारियों व राजनेताओं को सौंपे गए थे।



जींद। विरोध जताते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# फीस वृद्धि के विरोध में एबीवीपी ने फूंका पुतला

- छात्रों के वेलफेयर को छोड़ कर अपनी सुविधाओं पर खर्च कर रहा विस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने अधिक फीस वसूले जाने के रोष स्वरूप वीसी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालया प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पुतला दहन से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सचिन ने बताया कि काफी समय पहले विद्यार्थी परिषद वाइस चांसलर को ज्ञापन दे चुकी थी कि फीस को कम करवाया जाए। अन्य विश्वविद्यालयों के मुकाबले में सीआरएस विश्वविद्यालय में फीस कई गुणा है। इस फीस को कम कर छात्रों को विश्वविद्यालय में सस्ती शिक्षा मुहैया करवाई जानी चाहिए लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोई कदम नही उठाया। जिला संयोजक परमिंद्र ने बताया कि कई बार चेतावनी देने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन फीस कम करने को लेकर कोई कार्रवाई नही कर रही थी। मजबूरन छात्रों को पुतला दहन करना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों को सस्ती शिक्षा देने के नाम पर विश्वविद्यालय के पास बजट की कमी होती है। परंतु करोड़ों के एयर कंडीशनर लगाने के लिए उनके पास पैसे आ जाते हैं। रोहन सैनी ने कहा कि वह चेतावनी के तौर पर वाइस चांसलर का पुतला दहन कर रहे हैं। यदि जल्द ही छात्र हित में फीस को कम करने का फैसला नहीं लिया गया तो वह इसके बाद वाइस चांसलर कार्यालय का घेराव कर वीसी कार्यालय में ही धरना देंगे। उन्होंने कहा कि कई सालों से छात्रों से विभिन्न विभिन्न प्रकार के फंड वसूले जा रहे हैं। परंतु वह छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। कॉमन रूम में छात्रों की क्लास लगाई जाती है।

## खबर संक्षेप



### सांसद दीपेंद्र हुड्डा से सुमन बेदी ने की मुलाकात

नरवाना। सुमन बेदी पूर्व सदस्य हरियाणा राज्य महिला आयोग व कांग्रेस नेत्री ने दिल्ली स्थित एमपी निवास पर युवा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मुलाकात की। सुमन बेदी ने बताया कि सांसद महोदय से हरियाणा प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के मध्य नजर नरवाना विधानसभा पर राजनीतिक चर्चा हुई।

### रोजगार कार्यालय में मेला 27 को

जींद । जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय के परिसर में 27 जून को प्रातः 10 बजे बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में एसआईएस प्राइवेट लिमिटेड के नियोजक द्वारा प्रार्थियों को सिक्योरिटी गार्ड्स एंड सुपरवाइजर्स के तौर पर नियुक्त किया जाना है। इन पदों के लिए न्यूनतम वेतन मान 18 से 22 हजार रूपए होगा तथा महिला प्रार्थी भी आवेदन कर सकती हैं।

### शिविर में आई शिकायतों का किया समाधान

सफीदों । हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए समाधान शिविरों की श्रृंखला में नगर के मिनी सचिवालय में भी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम मनीष फोगाट ने की। समाधान शिविर में मंगलवार को 51 फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं लेकर पहुंचे।

### स्काऊट एवं गाइड के मास्टर्स ने किया सहयोग

जींद । भारत विकास परिषद की वीर शाखा के द्वारा संचालित निरूशुल्क रसोई सेवा में भारत स्काउट एवं गाइड के मास्टर्स ने अपना योगदान दिया। सामान्य अस्पताल में मरीजों एवं उनके अभिभावकों को निरूशुल्क अन्न दान में अपना सहयोग दिया। गौरतलब है कि परिषद पिछले दो वर्ष से निशुल्क भोजन वितरण करती आ रही है और दिन-प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में लोग इस सेवा से जुड़ने जा रहे हैं।

### हत्याओं की मार्क्सवादी पार्टी ने की निंदा

जींद । भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी ने इज्जत के नाम पर हिसार, कैथल, फरीदाबाद, सिरसा में हुई निर्मम हत्याओं की कड़े शब्दों में निंदा करती है और राज्य सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत हस्तक्षेप की मांग करती है।

### स्वर्णकार संघ ने की सीएम से मुलाकात

जींद । स्वर्णकार संघ जींद की जिले की टीम ने प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात जींद के विधायक डा कृष्ण लाल के नेतृत्व में हुई। संघ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ओबीसी समाज की वषार् पुरानी मांग पूरी कर समाज का गौरव बढाया। भाजपा की नियत व नीति में प्रदेश की जनता को प्रदेश के विकास का भविष्य दिख रहा है।

# गंगा स्नान के लिए सैकड़ों रवाना

- बारसोला से सैंकडों महिलाओं को भेजा गंगा स्नान को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य और समाजसेवी बलजीत रेढू ने 100 दिन में 11 हजार लोगों को मुफ्त गंगा स्नान करवाने की अपनी मुहिम के तहत मंगलवार को जींद के बरसोला गांव से सैंकडों महिलाओं को बसों में बैठाकर हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए रवाना किया। रेढू ने कहा कि भगवान ने उन्हें जितनी सामर्थ्य दी है, उसके अनुसार वह समाजसेवा में लगे हैं। चाहे जींद के बुजुगोंर् और महिलाओं को मुफ्त गंगा स्नान की बात हो, या जींद के गांवों की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए जींद ले जाने और वापस घर छोड़ने के लिए मुफ्त बस सेवा की बात होए या फिर जींद के प्यासे लोगों की प्यास बुझाने के लिए मुफ्त जल सेवा का मामला होए वह समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का यह सिलसिला उस समय तक जारी रहेगाए जब तक भगवान उन्हें इसकी सामर्थ्य देते रहेंगे।



जींद। बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए बलजीत रेढू।

### अग्रवाल एकता मंच का गठन

जींद । सामाजिक कार्य करने के लिए शहर में नई संस्था का गठन हुआ है। जिसका नाम रखा गया अग्रवाल एकता मंच। सर्वसम्मति से प्रमुख व्यापारी जयकुमार गोयल को संस्था का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संस्था की यह बैठक महाराज अग्रसेन सदाव्रत में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जयभगवान मित्तल को संरक्षक, अशोक जैन को वरिष्ठ उपप्रधान, नवनीत जैन, राजेश जैन, सुशील गोयल, राजेश काका को उप प्रधान, सतीश जिंदल को महासचिव, अश्वनी जिंदल को सचिव, आशु जैन व अरविंद जैन को सहसचिव, 'योति प्रसाद व सुशील सिंगला को प्रवक्ता, ओमप्रकाश जिंदल, जयभगवान ऐरन आदि रहे।

# विस चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

- हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदीप गिल ने खोला चुनावी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

देश में लोकसभा चुनाव का माहौल अभी ठंडा तक नहीं हुआ था हरियाणा में तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की चर्चाएं गर्म हैं कि कौन अबकी बार हरियाणा में सरकार बनाएगा। साल 2024 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने हुड्डा ग्रुप की वजह से जबरदस्त कम बैक किया है। जहां साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटों पर जीतकर आई थी, वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अथक प्रयासों से हरियाणा में कांग्रेस अबकी बार पांच लोकसभा सीट जितने में कामयाब हुई हैं। अब ह वहीं कांग्रेस पार्टी की टिकट की लड़ाई में सभी नेता अपने-अपने स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। कांग्रेस नेता प्रदीप गिल ने कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को जिताने का काम किया है।



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रदीप गिल।

# बारिश से गर्मी से राहत किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

सोमवार शाम को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से बढ़ रही उमष से लोगों को छुटकारा मिला। निरंतर उमष बढ़ने से लोग परेशान हो रहे थे। बारिश से जहां लोगों को तापमान कम होने से राहत मिली तो किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे थे ताकि वे धान की रोपाई कर सकें। ऐसे ही बिजाई की गई कपास की फसल भी गर्मी में खराब होने का डर किसानों को बन रहा था। अब प्री-मानसून ने किसानों, आमजन को राहत देने का काम किया है। किसान जोगिंद्र, राजेश ने कहा कि प्री-मानसून के बाद जुलाई माह में मानसून आने की संभावना है। निरंतर बढ़ रहे तापमान से खेती को नुकसान हो रहा है। किसानों ने जो प्योद खेतों में लगाई थी वो खराब होने से नुकसान हुआ। अब धान की रोपाई को लेकर देरी हो रही थी। बारिश से धान की रोपाई कर सकेंगे तो कपास की फसल को भी फायदा होगा।



# आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

बागबान होटल में भाजपा पार्टी ने मंगलवार को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर काले दिवस के रूप में मनाया। बीजेपी प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता रही। 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस, कभी न भूलने वाला दिन था। कार्यक्रम में विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जिला महामंत्री डा. राज सैनी, जवाहर सैनी, हरिदास सैनी, ओम प्रकाश शर्मा, भीम सैनी, संजय धवन, अनिल कुमार, कृष्ण अहलावत सहित वार्ड पार्षद संगीता छाबड़ा, ममता रावत, रामचंद्र शास्त्री, दीनदयाल शर्मा, कुलदीप सिहाग सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा देश में लोकतंत्र की हत्या करने का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इस दिन को कभी भी भुलाया नही जा सकता है।





जींद। काला दिवस मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता।



जुलाना। जुलाना क्षेत्र के मेहरड़ा गांव में सोमवार को ग्रामीणों को गंगा स्नान के लिए बसों को रवाना करते हुए कांग्रेस नेता रोहित दलाल।

### जुलाना क्षेत्र में शुरू हुई नि:शुल्क गंगा स्नान की मुहिम

जुलाना। विधानसभा क्षेत्र के लोग अब गंगा स्नान के लिए हरिद्वार व धार्र्मिक यात्रा सालासर बालाजीए खाटू श्याम इत्यादि धार्मिक स्थानों की निशुल्क यात्रा कर सकेंगें। इसका शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोहित दलाल ने अपने पृतक गांव मेहरड़ा से किया है। सोमवार को मेहरड़ा गांव के बस अड्डे पर काफी संख्यां में महिलाएपुरूष बच्चे एकत्रित हुए और कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने दो बसों को हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार गंगा स्नान के लिए रवाना किया। इस दौरान रोहित दलाल ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा मानी गई हैएइसी को चरितार्थ करते हुए तथा अपने नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्ड व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रेरणास्रोत मानते हुए उन्होंने यह मुहिम शुरू की है। उनकी यह मुहिम जुलाना क्षेत्र के सभी 72 गांवों के लिए है। समय.समय पर सभी गांवों के लोगों को गंगा स्थान व धार्मिक यात्राएं करवाई जाएंगी। रोहित दलाल ने बताया कि हरिद्वार में गंगा स्थान के साथ.साथ सालासर बालाजीए खाटू श्याम इत्यादि धार्मिक स्थलों के लिए भी वे क्षेत्रवासियों के लिए निशुल्क बस भेजेंगे।



उचाना। म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान की पौधरोपण कर शुरूआत करते हुए एसडीएम गुलजार मलिक।

### उचाना को हरा-भरा बनाने के लिए लगाए जाएंगे 10 हजार पौधे

उचाना । मानसून के मौसम को पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय बताया जाता है। जुलाई माह में मानसून हरियाणा में दस्तक देगा। ऐसे में उचाना को हरा-भरा बनाने के लिए प्री-मानूसन में म्हारा हरा-भरा उचाना फेस अभियान की शुरूआत पौध रोपण करके एसडीएम गुलजार मलिक ने की। मानसून के मौसम में उपमंडल में 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पंचायतों, विभागों, गणमान्य लोगों, सामाजिक संगठनों के अलावा जनहित में काम करने वाले लोगों को इस मुहिम के साथ जोड़ा जाएगा। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। पर्यावरण को बचाने की पौधरोपण ही सबसे बड़ी चॉबी है। हरियाणा प्रदेश को हरित प्रदेश के नाम से जाना जाता था। आज पेड़-पौधों की कम हो रही संख्या से तापमान बढ़ रहा है तो पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। हम सब मिलकर पौधरोपण करने के साथ-साथ उसकी देखभाल करें।

## बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए : डीसी

# बारिश के मौसम में जलभराव को रोकने की कवायद तेज

- मानसून के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी निकासी का समय रहते प्रबंध करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बारिश के दिनों में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण आंचल में पानी निकासी का समुचित प्रबंध करें। मानसून आने से पहले से ही ड्रेन व नालों की सफाई करवाई जाए कि पानी निकासी में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके साथ ही जिला मुख्यालय पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष व कंट्रोल रूम सुचारू रूप से चलना चाहिए।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कांन्फ्रेंस हाल में बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानसून का मौसम नजदीक आ रहा है। ऐसे में जिला की सभी प्रमुख ड्रेन और नालों की सफाई की जाए ताकि पानी निकासी निर्बाध रूप से हो सके।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

इसी प्रकार से डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने सभी पंप हाउस को दुरूस्त रखें। यदि कहीं पर किसी प्रकार की कमी है तो उसे ठीक करवाया जाए। इसके साथ-साथ पानी निकासी के लिए विशेषकर शहरी क्षेत्र में जरूरी जगहों पर जनरेटर सेट लगाए जाएं। जलभराव संभावित क्षेत्रों की पहचान की जाए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग अपने-अपने अधीन आने वाले बरसाती पानी निकासी के नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुपर सक्कर मशीन से सीवरेज लाइनों को दुरस्त करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय स्टेडियम में बारिश का पानी अधिक दिनों तक खड़ा न रहे, पानी की निकासी साथ-साथ हो। उन्होंने ग्रामीण अंचल में भी नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने उपमंडल में मानसून के दिनों में पानी निकासी के सभी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंध के निर्देशों के अनुरूप अभी से आवश्यक कदम उठाएं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपदा प्रबंध से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाएं। समीक्षा बैठक के दौरान सिंचाई विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने डीसी को बताया कि मानसून के चलते उनके विभाग द्वारा ड्रेन व नालों की सफाई करवाई जा रही है। बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### केंचुआ खाद का प्रशिक्षण एक जुलाई से होगा शुरू

**राजौंद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग द्वारा 10 दिन का डेयरी फार्मिंग एवं केंचुआ खाद का गैर आवासीय प्रशिक्षण 1 जुलाई से शुरू होगा। जानकार देते हुए संस्थान के निर्देशक धर्मेंद्र कथूरिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर पूर्ण रूप से निशुल्क रहेगा,साथ ही संस्थान की तरफ से वातानुकूलित पर्यावरण में दोपहर का खाना, चाय और ड्रेस भी निशुल्क मुहैया करवाई जाएगी।

### होटल मैनेजर व चौकीदार पर गंडासी से हमला

**कैथल।** तीन आरोपियों ने होटल में घुसकर उसके मैनेजर व चौकीदार पर गंडासी से हमला कर दिया। मैनेजर का मोबाइल और पांच हजार रुपये छीन लिए। गांव बुटाना जिला सोनीपत निवासी दीपक ने तितरम थाना में शिकायत दी कि वह करीब डेढ़ साल से स्प्रिंग फील्ड होटल में मैनेजर की नौकरी करता है। 24 जून को रात के समय वह अपने कमरे में सोया हुआ था। रात को गेट खटखटाने की आवाज आई। उसने गेट खोला तो बाहर उसका चौकीदर और दो युवक जिसमें से एक का नाम प्रवेश है, उन्होंने बाहर आते ही उसे मारना शुरू कर दिया।

### मारपीट के छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव उझाणा निवासी देवराज ने सदर बताया कि 24 जून को सुबह के समय आरोपी संतराम, बीरभान, पिरथी, विक्रम, अजय व अन्य ने उसे व उसके पड़ौसी करतारा को डंडे व गंडासी से हमला कर चोटें मारी। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### जयबीर व नरेश बने टीचिंग स्टाफ प्रतिनिधि के प्रधान

**कैथल।** कॉलेज की गवर्निंग बॉडी में दो टीचिंग स्टाफ प्रतिनिधियों के लिए हाल ही में चुनाव हुए। सभी टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने आपस में विचार-विमर्श करने के बाद इसके लिए तीन नाम प्रस्तावित किए। विचार-विमर्श के बाद ये नाम प्रस्तावित किए गए। कॉलेज में इन तीनों के बीच चुनाव हुआ। चुनाव बैठक की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल ने की। उपस्थित 33 टीचिंग स्टाफ सदस्यों के मतदान के बाद डॉ. जयबीर धारीवाल और डॉ. नरेश गर्ग क्रमशः 12 और 11 वोट लेकर विजयी हुए।

### फर्जीवाड़े का संदेह होने पर बेरोजगार युवकों ने डायल 112 पर किया संपर्क

# सरकारी नियमों को अनदेखा कर अहम पदों पर नियुक्ति से बवाल

सोशल मीडिया के माध्यम से सुरक्षा जवान भर्ती के तहत पंजीकरण एवं नियुक्ति की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कलायत

केंद्र एवं राज्य सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के नियमों को एक तरफ रखते हुए कलायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस आफिसर जैसे अहम पदों की नौकरियां बांटने का मामला सामने आया है। खंड स्तर पर राष्ट्रीय स्तर पर का एक टैग लगाकर बकायदा पंजीकरण कैंप शुरू कर दिया गया। रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में युवा कैंप में पहुंच गए। बवाल उस सयम खड़ा हो गया जब सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंसी जैसे अहम पदों पर पंजीकरण के लिए 350 रुपए आफ लाइन फीस और प्रशिक्षण के लिए 10 हजार रुपए की मांग कर डाली। जबकि भर्ती के लिए न तो किसी प्रकार की परीक्षा का शेड्यूल था न ही कोई लंबी चौड़ी शारीरिक परीक्षा से गुजरना था। इतना ही नहीं इस प्रक्रिया को पारदर्शिता से पूरा करने के लिए किसी प्रशासनिक अधिकारी और कर्मियों की कर्मियों की तैनाती भी नहीं की गई थी। इससे बड़ी संख्या में पंजीकरण के लिए पहुंचे युवाओं को पंजीकरण एवं भर्ती के नाम पर फजीर्वाड़ा का अंदेशा हुआ। तत्काल प्रभाव से युवाओं ने डायल 112 पर संपर्क साधा। पुलिस मौके पर पहुंची और दस्तोवजों की छानबीन करने के लिए युवाओं के साथ-साथ खुद को नियुक्ति एजेंसी के सुपरवाइजर बताने वाले चंद्रमोहन को पुलिस स्टेशन बुलाया गया।

पुलिस स्टेशन पहुंचे राजू, सुनील, साहिल, प्रवीण, अमन और खंड के विभिन्न गांवों से आए युवकों ने मामले की क्रमवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें सुरक्षा जवान भर्ती के तहत पंजीकरण एवं नियुक्ति की जानकारी मिली। इस प्रक्रिया को पूरा करने वालों ने दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और तीन पासपोर्ट फोटो आवेदन के लिए मांगें। पंजीकरण के लिए 24 जून सुबह 10 बजे बीडीपीओ कार्यालय कलायत बुलाया गया। जब बड़ी संख्या में युवा कार्यालय पहुंचे तो पंजीकरण करने वाले सुपरवाजइर ने उन्हें उप मंडल सचिवालय शिविर आयोजित करने की सूचना दी।



**कलायत।** कलायत में भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे युवा मामले की जानकारी देते हुए।

#### डीडीपीओ के पत्र की क्या है सच्चाई

■ हैरानी का विषय यह भी रहा कि जो एकलौता सुपरवाइजर भर्ती के लिए क पंजीकरण कैंप आयोजित करने पहुंचा था उसके पास जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को भेजे गए पत्र की प्रति थी। इस पर पृष्ठ क्रमांक 3323 के तहत 13 जून 2024 अंकित है। इसमें भर्ती पंजीकरण में अधिकारियों को सहयोग के निर्देश थे। इसकी एक प्रति कमांडेंट एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र को सूचनार्थ भी दर्शाई गई। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी की तरफ संगीता नाम के हस्ताक्षर हैं। जबकि विभागीय प्रक्रिया में जब भी किसी को पत्र जारी किया जाता है तो बकायदा उसके अलग-अलग नंबर दिए जाते है। लेकिन इसमें ऐसा कुछ नहीं था।

#### नहीं मिला डीडीपीओ का आदेश

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तरुण कुमार ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पंजीकरण कैंप आयोजित करने के संबंध में डीडीपीओ का जो पत्र कंपनी के प्रतिनिधि ने युवाओं को दिखाया उसकी आफिसियल प्रति कार्यालय में नहीं आई। इस आधार पर उन्होंने पंजीकरण कैंप आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। बाद युवक इस मामले को लेकर पुलिस स्टेशन पहुंचे। पुलिस ने इस मामले में क्या कार्यवाही की इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।

#### दिल्ली में बताया मुख्यालय

भर्ती पंजीकरण कैंप आयोजित करने पहुंचे कंपनी प्रतिनिधि सुपरवाइजर चंद्रमोहन ने अपना जो लेटर दिखाया उसमें मुख्यालय नई दिल्ली में बताया। इसमें यह उल्लेख किया गया था कि समूह का प्राथमिक उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के युवा, शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए पर्याप्त ज्ञान और कौशल के साथ प्रशिक्षित करना है। उन्हें भारत भर में पांच प्रशिक्षण केंद्रों को अग्नि सुरक्षा सुरक्षा संचालन पर प्रशिक्षण देने के लिए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा अधिकृत किया गया है।

#### ये सुविधाएं देने के किए गए दावे

भर्ती होने वाले युवाओं को कंपनी द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास एवं भोजन की व्यवस्था प्रशिक्षण केंद्र में देने, प्रशिक्षुओं को पूर्ण प्रशिक्षण किट और जूते (डीएमएस और पीटी), मोजे 2 जोड़े व वर्दी 2 जोड़े जैसे वर्दी आइटम प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही जैकेट, टाई, कैप, कैप बैज, शोल्डर बैज, डोरी, सीटी, हैकल, शॉर्ट्स 1 जोड़ी और आईडी कार्ड मिलेगा। इसके साथ ही जिला कैथल के विभिन्न खंडों के साथ-साथ प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ में भी भर्ती पंजीकरण कैंप आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है।

## मौका मिला तो पूंडरी में भी कमल खिलाएंगे : कौशिक



**पूंडरी।** जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक व ग्रामीण।

**पूंडरी।** हल्के से 2 बार विधायक रहे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. दिनेश कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जिस प्रकार के केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी है, उसी प्रकार हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता अबकी बार पूंडरी से कमल खिलाने के लिए उत्साहित हैं। कौशिक ने कहा कि हल्के में 2 बार के कार्यकाल में जो रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य उनके द्वारा करवाए गए थे, उन्हें गति देने का समय आ गया है। विकास के मामले में उन्होंने हल्के की कायाकल्प करने का काम किया। गलियां, नालियां सड?, पेयजल, चौपालें, कम्युनिटी हॉल, परिवहन सेवाएं, बिजली आदि क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए गए थे और सबसे बड़ी बात यह है कि हलके के किसी भी गांव में कोई भेदभाव नहीं किया गया था, सभी लोग उनके कार्यकाल में हुए विकास कायोंर् से खुश हैं।

## शिविर में आमजन की समस्याओं का किया जा रहा त्वरित समाधान

■ समाधान पाकर लोगों में दिखाई दे रही खुशी की झलक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का मौके पर समाधान होने से लोगों में खुशी झलक रही है और वे हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को समाधान शिविर में आए कैथल के राजेश कुमार की समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया, उनके परिवार पहचान पत्र में आय अधिक दशार्यी हुई थी, जिसको संबंधित कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही दुरूस्त किया गया। उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया।

इसी प्रकार कैथल निवासी ऊषा रानी का बीपीएल कार्ड बनाया गया। वह लंबे समय इस समस्या को लेकर परेशान थी, जिसका समाधान शिविर में निदान हुआ। हरसौला गांव सतबीर ने कहा कि वे काफी दिनों से आयुष्मान कार्ड बनवाना को लेकर आवेदन किया हुआ था, लेकिन अभी तक नहीं बन सका था।



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

## कॉलेजों में पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज में पंजीकरण प्रक्रिया के लिए मंगलवार उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के केंद्रीकृत प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण का अंतिम दिन था लेकिन सायं को विभाग द्वारा अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया है। इस बार कॉलेज ने छात्रों के लिए कॉलेज में उपलब्ध सभी स्नातक कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण सुविधा स्थापित की। नई शिक्षा नीति के आसपास मंडरा रहे भ्रम को ध्यान में रखते हुए यह एक उल्लेखनीय कदम था। कॉलेज में उपलब्ध पंजीकरण सुविधा के साथ, छात्र विषय संयोजन, उनकी सीट संरचनाओं, विभिन्न बहु-विषयक पाठ्यक्रम संयोजन आदि के बारे में विभिन्न प्रश्नों के साथ हेल्प डेस्क पर बड़ी संख्या में आए। सामान्य तौर पर छात्र अपना पंजीकरण स्वयं करते हैं और कॉलेज के हेल्प डेस्क पर कर्मचारियों की मदद से किए जा रहे पंजीकरण में बहुत अंतर होता है क्योंकि बाद में अधिक स्पष्टता होती है। प्रिंसिपल डॉ संजय गोयल ने कहा कि अभी तक हमें पंजीकरण तिथियों के विस्तार के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है और आज तक हमें लगभग 4000 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं और यह संख्या सभी खुली प्रवेश प्रक्रियाओं के अंत तक 5000 तक पहुंचने की उम्मीद है। डॉ. रामफल मौन, डॉ. एस पी वर्मा, डॉ. अंकित, प्रो. मीनू और प्रो. मनिका ने कॉलेज के सहायता और पंजीकरण डेस्क पर छात्रों की सहायता की।

## सिपाही विक्रम सिंह पंचतत्व में विलीन गांव सौंगल में किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

गांव सौंगल निवासी सिपाही विक्रम सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। गांव सौंगल निवासी सिपाही विक्रम सिंह आईटीबीपी की 12 बटालियन मातली उत्तरा खंड में कार्यरत थे, छुट्टी आये हुए थे 24 जून को शाम 7 बजे उन्होंने हृदय गति रुकने से आखरी सांस ली और मंगलवार दोपहर 12 बजे इंस्पेक्टर सतवीर गुर्जर 28 बटालियन आई टी बी पी जादू शाना रेवाड़ी से आई गार्ड ने सिपाही विक्रम सिंह के पार्थिक शरीर पर तिरंगा उड़ा कर सलामी दी। शमशान घाट में पहुंचकर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, यहां पर आइ टी बी पी एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल के द्वारा उनको पुष्प चक्कर एवं फूल मालाओं से श्रद्धांजलि दी गई। स्वर्गीय सिपाही विक्रम सिंह को उनके बड़े पुत्र परव ने मुखरनी दी। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने बताया कि विधिवत रूप से अंतिम संस्कार से पहले इंस्पेक्टर सतवीर गुर्जर ने स्वर्गीय सिपाही विक्रम सिंह के पिता राजकुमार व उनके पुत्र पर्व को तिरंगा भेंट किया।



**राजौंद।** स्लामी देते हुए व अंतिम संस्कार में शामिल ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

## निकासी न होने से बीरबांगडा मार्ग पर जमा हुआ पानी



**राजौंद।** राजौंद के बीर बांगड़ा मार्ग पर नाले में पानी निकासी न होने के कारण सड़क पर पानी भर रहा है जिससे लोगों की आवा जावी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। आलम यह है कि जो नाले बनाया गया है उसमें पानी की निकासी ही नहीं हो रही। क्योंकि नालों की कभी सफाई ही नहीं की गई और न ही नालों में पानी की निकासी दी गई है। जिससे घरों से आने वाला पानी सड़क पर भर जाता है और सड़क से आने जाने वाले राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है। इस बारे वार्ड नंबर 6 के निवासी सुंदर, अशोक, राजकुमार, धर्मपाल, जयपाल ने बताया कि पानी की निकासी नाले में बिल्कुल नहीं है जिससे उनके घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। उनके घरों के आगे भी पानी भरा रहता है जो नाला बनाया गया है उसकी कहीं निकासी ही नहीं बनाई गई। जिससे पानी नाले से आवरफ्लो होकर सड़क पर भर जाता है और फिर सड़क से लोगों को गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। सैकड़ो लोग प्रतिदिन यहां से गांव बीर बांगड़ व कई लोग अपने खेतों में कई लोग थाने से संबंधित कार्यों से जाते हैं।

### कैथल के 14 पीएम श्री स्कूलों के 340 अध्यापक लेंगे प्रशिक्षण, दिए निर्देश

# सभी शैक्षिक स्टाफ सदस्यों को दिलवाया जाएगा प्रशिक्षण : सरोज

■ 27 जून से 29 जून तक चलेगा प्रशिक्षण खंड स्तरीय होगा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. ▸▸ कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा पीएम श्री स्कूलों के सभी शैक्षिक स्टाफ के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने आज अपने कार्यालय में मीटिंग लेकर दिशा निर्देश जारी किए

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कैथल के 14 पीएम श्री स्कूलों के 340 अध्यापक प्राध्यापकों को यह प्रशिक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण खंड स्तर पर करवाया जाएगा गुहला खंड के पीएम श्री स्कूलों का प्रशिक्षण खंड संसाधन संयोजक कार्यालय गुहला में कैथल खंड के पीएम श्री स्कूलों का प्रशिक्षण कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल कलायत खंड के पीएम श्री स्कूलों का प्रशिक्षण संस्कृति मॉडल स्कूल कलायत पुंडरी खंड के पीएम श्री स्कूलों का प्रशिक्षण संस्कृति मॉडल स्कूल पुंडरी तथा राजौंद खंड के पीएम श्री स्कूलों का प्रशिक्षण राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद तथा सीवन खंड के पीएम श्री स्कूलों का प्रशिक्षण राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में करवाया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के स्तंभों को मजबूत बनाने के लिए यह प्रशिक्षण करवाया जाएगा।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के विषय मानसिक स्वास्थ्य, सेल्फ डिफेंस कार्य योजना, विद्यालय नवाचार, व्यावसायिक शिक्षा , संख्यात्मक ज्ञान ,स्वच्छता एवं हरा भरा, प्रदर्शन मूल्यांकन समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण विषय रहेंगे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जाएगा उन्होंने सभी खंड संसाधन संयोजकों तथा सभी सहायक परियोजना संयोजकों को निर्देश देते हुए कहा कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के मॉनिटरिंग का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर जिला सहायक परियोजना संयोजक बलजीत सिंह ,कुशल कुमार मनोज पवार, प्रोग्रामर विकास नागपाल व लेखा सहायक विक्रम सिंह उपस्थित रहे।



**कैथल।** अधिकारियों से विचार विमर्श करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### तैयारियां पूरी

जिला सहायक परियोजना संयोजक बलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 26 जून को सभी प्रशिक्षक केंद्र पर रिहर्सल की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### सड़क पर गिरा सूखा पेड़ दे रहा हादसे को न्योता



**राजौंद।** गांव बीर बागड़ा में नहर के पास सड़क पर गिरा हुआ सूखा पेड़ बड़े हादसे का कारण बन रहा है। इस ओर संबंधित विभाग और न ही ग्रामीण इसे हटा रहे हैं। इससे कोई भी हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। जानकारी के अनुसार गांव बीर बागड़ा मार्ग पर यह पेड़ पिछले लंबे समय से सड़क पर टूट कर गिरा हुआ है जिसका एक हिस्सा सड़क पर झुका हुआ है। जिससे कोई भी अनजान व्यक्ति इसकी चपेट में आकर एक बड़े हादसे का शिकार हो सकता है अगर समय रहते इसे नहीं हटाया गया तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि गुरुवार को सैकड़ो लोग गांव बाहरी जिला करनाल में पीर की मजार पर दूध चढ़ाने के लिए जाते हैं।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ उठाएं किसान एवं मछली पालक : प्रशांत पंवार

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि किसानों और मछली पालन का व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। डीसी ने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है। मछली पालन से किसानों की आय बढ़ रही है। झींगा मछली पालन से 5 से 6 लाख रुपये प्रति एकड़ तक आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना के तहत अनुसूचित जाति व महिला वर्ग मछली पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान तथा सामान्य वर्ग को मछली पालन पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

### महिलाओं का स्वावलंबी होना जरूरी : निधि मोहन

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी द्वारा कई महीने से स्थाई प्रकल्प सिलाई केंद्र पुराना पोस्ट ऑफिस पूंडरी के पास चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं और लड़कियों को सिलाई सिखाई जाती है और 3 महीने पूरे होने पर सर्टिफिकेट दिया जाता है। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने कहा कि महिलाओं का आज के समय में स्वावलंबी होना बहुत जरूरी है। महिलाएं अपने घर का जिम्मा भी खुद उठाने में सक्षम हुई। जिससे महिलाओं की जीवन शैली में भी बदलाव आया है। काफी महिलाओं ने अपना खुद का काम किया। महिलाएं सिलाई सीखकर खुद तो रोजगार पैदा कर रही हैं, साथ ही दूसरी महिलाओं को भी रोजगार देने का काम करती है। साथ ही अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत का काम करती हैं।



### खिलाड़ियों को दी जाएगी छात्रवृति : देवेंद्र

**कैथल।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि विभाग द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल नीति 2009 के अंतर्गत जिनकी वार्षिक आय अनुसूचित जाति के लिए 2.50 लाख व सामान्य श्रेणी 1.80 लाख रुपये से कम है, उन्हें फेयर प्ले स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2023-24 (1.1.2023 से 31.3.2024) की खेल उपलब्धों के आधार पर खेल छात्रवृत्ति दी जानी है। राज्य स्तर पर प्रथम 3500 रुपये प्रति माह, द्वितीय को 3000 रुपये प्रति माह, तृतीय को 2500 रुपये प्रति माह, भाग लेने पर (केवल अनुसूचित जाति के लिए)1500 रुपये प्रति माह दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने पर 5000 रुपये प्रति माह, द्वितीय को 4000 रुपये, तृतीय को 3000 रुपये प्रति माह दिया जाएगा। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने पर 7000 रुपये प्रति माह, द्वितीय को 6000 रुपये, तृतीय को 5000 रुपये प्रति माह दिया जाएगा।

### पदक विजेता व प्रतिभागियों को दिए जाएंगे पुरस्कार

**कैथल।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक विजेता व प्रतिभागियों खिलाड़ियों को वर्ष 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि की खेल उपलब्धियों के आधार पर नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। खिलाड़ी इसके लिए आवेदन 30 जुलाई तक कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवेदन के साथ खिलाड़ियों को सत्यापित प्रतियां खेल प्रमाण-पत्र, परिवार पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट नंबर, आईएफएससी कोड, यूनिक आईडी, हरियाणा रिहायशी प्रमाण-पत्र, एफिडेविट जमा करवाएं।

### ओबीसी समाज की मुख्यमंत्री ने की बल्ले-बल्ले

**पूंडरी।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजवीर सिंह ने हरियाणा में ओ.बी.सी. वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। तेजवीर ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्त्ताओं को बताया कि हरियाणा में अब तक नौकरियों में पिछड़े वगोंर् के आरक्षण के अंदर, क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्रोतों से 6 लाख रुपए हैं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार उपरांत अब प्रदेश सरकार की नौकरियों में यह क्रीमिलेयर बढ़ाकर 8 लाख रुपए वार्षिक करने की घोषणा की है। भारत सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह घोषणा भी की है कि ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वगोंर् का आरक्षण 15 प्रतिशत है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी पिछड़े वगोंर् के लिए 27 प्रतिशत किया जाएगा।



### स्वयंसेवक राकेश कुमार ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल में प्राचार्य डॉ.ऋषिपाल के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (ईकाई) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक राकेश कुमार ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकूला, हरियाणा की एन.एस.एस. प्रकोष्ठ, द्वारा प्रायोजित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली, हिमाचल प्रदेश में 12 से 21 जून, 2024 तक आयोजित दस दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। विस्तार से जानकरी देते हुए डॉ. सोनिया रानी ने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के समस्त विश्वविद्यालयों के 60 स्वयंसेवकों व 4 एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने सक्रिय भाग लिया।



### सस्ते का लालच देकर बेच दिया पानी मिला डीजल मोटरसाइकिल पर आए लड़के ने की धोखाधड़ी

**कैथल।** मोटरसाइकिल पर आए एक लड़के ने अपने साथियों के साथ मिलकर ड्राइवर और मालिक को बेवकूफ बना उन्हें पानी मिला डीजल बेच दिया और रुपए लेकर भाग गए। पुलिस ने एक लड़के को नामजद कर तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। खनौरी रोड़ बाईपास कैथल के सतपाल ने बताया कि उसने अपने कैंटर पर वजीर खेड़ा निवासी शमशेर सिंह को ड्राइवर रखा हुआ है। शमशेर सिंह के पास भी एक महिंद्रा पिकअप है। जो उनके घर के बाहर खड़ी होती है। रविवार को शाम 6 बजे उसके घर के सामने एक लड़का मोटरसाइकिल पर आया। उसने अपना नामदुसेरपुर तहसील गुहला निवासी संजू बताया। उसने उसके पास खड़े शमशेर से मैहला पोल्ट्री फार्म सिरटा रोड़ से 19 डीजल तेल के कैन खरौदी पहुंचाने के लिए पिकअप गाड़ी 1500 रुपए मे किराये ली। शमशेर पिकअप लेकर पोल्ट्री फार्म मे पहुंचा तो वहां पर पहले से ही दो लड़के मिले। जिन्होने पिकअप गाड़ी में 19 भरे हुए डीजल के कैन मे लोड कर दिए।

### योग से होता है मानसिक आध्यात्मिक विकास : रामचरण

**कैथल।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति कैथल जिला कारागार में चल रहे सप्ताहिक योग शिविर का समापन समारोह मनाया गया। इसकी अध्यक्षता व मार्गदर्शन जिला कारागार उपाधीक्षक सुरेंद्र कुमार ने किया। आचार्य रामचरण ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में यह योग शिविर लगाया गया था लेकिन कारागार अधीक्षक अशोक कंबोज की अनुमति से व बंदी भाइयों के निवेदन पर इसे बढ़ा दिया गया ताकि सभी बंदी भाई अच्छी तरह से योग सीख सकें व नियमित योग कर सके कारागार में चार लोगों को बारीकी योग की जानकारी दी गई ताकि जेल में रेगुलर योग कक्षा चल सके व बंदी भाई बिना तनाव चिंता डिप्रेशन के सुचारू रूप से अपना स्वस्थ जीवन जी सके।



**खबर संक्षेप**

## कालवन में बनेगा 21 लाख से लंगर हाल

**नरवाना।** नरवाना के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने बताया कि उनके द्वारा बीते दिनों लगभग 45 लख रुपए धनराशि के विकास कार्य पंचायत विभाग को भेजे गए थे। जिसके बाद इन सभी कामों को मंजूरी मिल गई है। जिसमें गांव कालवन में शीतला माता परिसर में लंगर हाल के निर्माण को लेकर गांव वासियों की बड़ी पुरानी मांग थी क्योंकि हर वर्ष यहां मेले का आयोजन किया जाता है जिस पर एक वर्ष विधायक रामनिवास भी मेले के आयोजन में शामिल हुए थे।

## 27 को युवा कांग्रेस करेंगी संसद का घेराव

**उचाना।** यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश डाहोला ने बताया कि 27 जून को निट, यूजीसी नेट के एग्जाम को लेकर संसद का घेराव करेंगी। इस घेराव में जींद जिले काफी संख्या में युवा हिस्सा लेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीयध्यक्ष करेंगे। भाजपा के राज में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। देश की सबसे बड़ी निट की परीक्षा में जिस तरह से गोलमाल हुआ है वो पूरे देश को पता चल गया है।

## मलेरिया माह के तहत लोगों को किया जागरूक

**अलेवा।** जून महीने को एंटी मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी सदंर्भ में मंगलवार को नगूरां पीएचसी की स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में चांदपुर, नगूरां, शाहपुर, रायचंदवाला, दिल्लूवाला समेत विभिन्न गांवों में लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि मलेरिया संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलता है।

## समाधान शिविर में 54 लोग शिकायत लेकर पहुंचे

**नरवाना।** सरकार के आदेशानुसार उपमंडल स्तर पर शुरु किए समाधान शिविरों में लोगों की संख्या दिन.प्रतिदिन बढ़ रही है। मगलवार को लघुसचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर तहसीलदार निखिल सिगंला के पास पहुंचे। तहसीलदार निखिल सिंगला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान निर्धारित समयावधि में किया जाए। संबंधित विभागों के अधिकारियों के पास आवेदन पहुंचने पर लोगों ने अधिकारियों का आभार जताया। तहसीलदार ने बताया कि मगंलवार को 54 शिकायतें प्राप्त हुई।

## युवाओं को खेती के प्रति करें जागरूक

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडार में मंगलवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32वीं बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मौजूद रहे। उन्होंने पौधारोपण भी किया तथा 'यादा से 'यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। डा. बलवान सिंह मंडल ने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि वे किसानों को नई-नई तकनीकों के बारे में अवगत कराएं तथा खेती को नए गुर सिखाए।

### यूजी कोर्स में आवेदन करने की बढ़ी तारीख

# आईटीआई में आवेदन प्रक्रिया खत्म, 26 को पहली मेरिट लिस्ट

25 राजकीय व निजी आईटीआई में दाखिले को लेकर 20 हजार से अधिक आवेदन, यूजी कोर्स में आवेदन करने की बढ़ी तारीख, 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन



**जींद।** आईटीआई जींद। फोटो : हरिभूमि

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। जिलेभर की 25 राजकीय व निजी आईटीआई में दाखिले को लेकर 20 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। जिसमें से राजकीय आईटीआई जींद में विभिन्न 25 ट्रेड में 872 सीटों पर 11078 आवेदन आए हैं और राजकीय महिला आईटीआई जींद में सात ट्रेड में 800 आवेदन आ चुके हैं। इस बार आईटीआई में दाखिले को लेकर मारामारी होगी। आईटीआई में निर्धारित सीटों से पांच से छह गुणा तक आवेदन आ गए हैं। ऐसे में दाखिले को लेकर मेरिट लिस्ट काफी ऊंची जाएगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद के प्राचार्य अनिल कुमार गोयल ने बताया कि विभिन्न पहली मेरिट लिस्ट 28 जून को लेगेगी। जिस भी विद्यार्थी का पहली मेरिट लिस्ट में नाम आता हैए वह समय पर संबंधित संस्थान में दाखिला करवा लें ताकि बाद में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।वहीं यूजी कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन को लेकर अब विद्यार्थी 30 जून तक अप्लाई कर सकते हैं। अभी इसके अलावा शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। राजकीय कॉलेज के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि पहले वाले शेड्यूल के अनुसार तीन जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी लेकिन अभी जिले के कुछ कॉलेजों में नए कोर्स शुरू किए गए हैं। ऐसे में विद्यार्थी इन नए कोर्स में आवेदन कर सकेंगे।

### ये रहेगा शेड्यूल

**पहली मेरिट लिस्ट 28 जून**
आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच 28 जून से लेकर दो जुलाई तक।
फीस भरने का समय 28 जून से तीन जुलाई तक।
दूसरे राउंड के लिए खाली सीटों की लिस्ट जारी-चार जुलाई।
रिवीजन ऑफ ऑप्शन पिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए पोर्टल खुलेगा-चार जुलाई से लेकर छह जुलाई तक।

**दूसरी मेरिट लिस्ट -नौ जुलाई**
आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच-नौ जुलाई से 12 जुलाई तक।
फीस भरने का समय-नौ जुलाई से 13 जुलाई तक।
तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी-14 जुलाई।
रिवीजन ऑफ ऑप्शनध् प्रिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए पोर्टल खुलेगा-14 से 16 जुलाई।

**तीसरी मेरिट लिस्ट-18 जुलाई**
आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच-18 से 22 जुलाई।
फीस भरने का समय-18 से 23 जुलाई।
चौथे राउंड के लिए खाली सीटों की जानकारी-24 जुलाई।
रिविजन ऑफ ऑप्शन प्रिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए पोर्टल खुलेगा-24 से 26 जुलाई

**चौथी मेरिट लिस्ट -30 जुलाई**
आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच- 30 जुलाई से पांच अगस्त।
फीस भरने का समय-30 जुलाई से छह अगस्त।
राजकीय आईटीआई में आए आवेदन।

| ट्रेड का नाम | आवेदनों की संख्या | मशीनिस्ट | 247 |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 2523 | टर्नर | 183 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर प्रो. असिस्टेंट | 1284 | ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 181 |
| वायरमैन | 1214 | वैल्डर ड्यूल | 169 |
| फिटर | 856 | मैकेनिक ट्रैक्टर | 144 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 520 | तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 121 |
| मैकेनिक डीजल | 479 | ड्रेस मेकिंग | 106 |
| रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन | 468 | पेंटर जनरल | 101 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 471 | फिटर डयूल एच | 97 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 456 | मैकेनिकट डीजल डयूल | 75 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 441 | वुड वर्क तकनीशियन | 71 |
| पलंबर | 416 | स्यूइंग टेक्नोलॉजी | 66 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 326 | जियो इन्फोटिक्स | 63 |

## सरकार एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित : सुभाष गांगोली

- बीजेपी ने ओबीसी क्रीमीलेयर लिमिट को घटा कर लाखों ओबीसी से छीना आरक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**


सुभाष गांगोली।

कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने कहा कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रीमीलेयर को आठ लाख से घटा कर छह लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 27 मई 2013 को क्रीमी लेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की क्रीमीलेयर लिमिट भी आठ लाख रुपये है। लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर छह लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी।

## जिंदल ने ली लोकसभा सदस्य की शपथ

- तीसरी बार सांसद बनने से कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता में खुशी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**


नवीन जिंदल।

प्रसिद्ध उद्योगपति, कुरुक्षेत्र से 2 बार सांसद बनकर जनता के दिलो में एक अलग पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी नवीन जिंदल ने आज तीसरी बार सांसद पद के लिए शपथ ली हैं। नवीन जिंदल के तीसरी बार सांसद बनने से कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता में खुशी है। आशु गोयल पूंडरी, डा. जगविंद्र सिंह विर्क, संदीप ढूल, जोनी मैहला व हर्ष सेठी ने कहा कि नवीन जिंदल का नाम भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनका परिवार भारतीय उद्योग के विशेष अक्षर के नाम से जाना जाता है, और उन्होंने स्वतंत्रता के बाद से ही देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सांसद नवीन जिंदल के पिता स्व. ओ. पी. जिंदल ने जिंदल स्टील के माध्यम से व्यापार में अपना पैर रखा और उन्होंने उद्योग और बाजार में अपनी अलग पहचान बनाई।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए करें लक्ष्य निर्धारितः महिमाश्री

**उचाना।** तेरापंथ भवन में प्रवचन करते हुए साध्वी महिमा श्री ने कहा कि जीवन में अगर कुछ करना चाहते तो सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जिस तरह से हम किसी बस, ट्रेन, हवाई जहाज में बैठने से पहले किस जगह जाना होता है वहां की टिकट कटवाते है। ऐसे ही जीवन में क्या करना है उस लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए ताकि उस तक पहुंचने के लिए मेहनत की जा सकें। बिना लक्ष्य मेहनत अगर की जाती है तो वो सफल नहीं होती है। बिना दिशा के हम चल नहीं सकते है आगे बढ़ नहीं सकते है। ऐसे में लक्ष्य निर्धारित करना ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे बड़ा मंत्र है।



## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**जींद।** 15वीं हरियाणा बटालियन के द्वारा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ कैंप कमांडेंट कर्नल जेएस ढोडी द्वारा किया गया। इस कैंप में 19 शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 580 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैंप कमांडेंट ने बताया कि यह दस दिवसीय कैंप डे-नाइट कैंप होगा। कैम्प के दौरान कैडेट्स विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे पिटी, राइफल प्रशिक्षण, बाधा प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिससे उनका ना केवल शारीरिक और मानसिक विकास होगा अपितु घर से दूर रह कर उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और साथ में उनमें अपने निजी कामों के प्रति निर्णय लेने एवं जिम्मेदारी का भी एहसास होगा। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए एनसीसी के महत्व और उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया और जीवन में अनुशासन और एकता को अपनाकर जीवन में कैसे सफल हुआ जा सकता है इस पर प्रकाश डाला। ज्ञातव्य कि एनसीसी को देश की दूसरी रक्षा पंक्ति कहा जाता है।

## उचाना से लड़ूंगा विधानसभा चुनाव : दुष्यंत

- बोले : दोनों राष्ट्रीय पार्टी चाहती हैं नीट परीक्षा मामले को दबाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना**


**उचाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

रा'यसभा चुनाव को लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक रा'यसभा उम्मीदवार के लिए प्रदेश की सीटों पर या तो दस प्रतिशत या कम से कम 10 प्रपोजल चाहिए। प्रपोजल सैकेंडर के बाद 8 प्रपोजल और चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा सारी कांग्रेस के विधायक, मैं (दुष्यंत चौटाला) बलराज कुंडू से भी निवेदन करूंगा सारे एकत्रित हो। सामाजिक तौर पर कोई एक उम्मीदवार को चुने सबसे पहला नाम प्रपोजल और सैकेंडर प्रपोजल में होगा तो दुष्यंत चौटाला, नैना चौटाला का होगा। इनमें दम नहीं है फिर फार्म हम भरना शुरू करते है उनके पास अगर हमारे पास दो की तीन की कमी रही जो विधायक है उनके साइन करवा दो बीजेपी से हम टक्कर भी लेंगे और रा'यसभा जीतेंगे। जेजेपी पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दुष्यंत चौटाला ने कहा निट की परीक्षा की जांच पर केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां एग्जामिनेशन बॉडी के चेयरमैन को हटा कर रातों-रात नए की नियुक्ति की गई। जिस तरीके से लोगों ने जगह-जगह ये चीज साबित की जहां कुछ रिजनल सेंटर से बड़ी मात्रा में छात्र पास हुए है पेपर लीक हुए है। इसकी सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज के अंदर जांच हो क्योंकि इसके अंदर एक एपीक्ससेंटर हरियाणा भी रहा है। कांग्रेस, बीजेपी इस मामले को दबाने चाह रही है। उचाना से विस चुनाव लड़ने को लेकर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मेरे को ना पहले कभी शक था ना आज कोई शक है। उचाना हलके से ही मैं चुनाव लड़ूंगा। जो जिम्मेदारी उचाना की जनता ने दी है मजबूती से निभाई है आगे भी जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे निभाऊगा। भाजपा के साथ जाने का लोकसभा चुनाव में नुकसान के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जो परिस्थितियां आई उससे लगता है कि नुकसान हुआ।



## लोकसभा चुनाव के बाद उचाना पहुंचे दुष्यंत चौटाला का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**उचाना।** लोकसभा चुनाव में जजपा के अनुरूप नहीं रहे परिणामों के बाद फील्ड में उतरे पूर्व डिप्टी सीएम एवं स्थानीय विधायक दुष्यंत चौटाला रजबाहा रोड स्थिति जजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। चुनाव में मिली हार के बाद भी कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद नजर आए। आया-आया सीएम आया के नारों से दुष्यंत चौटाला का स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया। फूलों की बारिश से कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जजपा पूर्व जिला प्रधान रहे कृष्ण राठी ने कहा कि वो जींद जिले में जजपा को मिली हार की जिम्मेदार लेते है। पार्टी के अनुरूप परिणाम नहीं रहे। कार्यकर्ताओं ने भी चुनाव में हुई हार के बारे में अपनी-अपनी बातें रखते हुए उचाना में निरंतर सक्रियता बढ़ाने की अपील दुष्यंत चौटाला से की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वो दुष्यंत के साथ थे है और रहेंगे परिणाम चाहे कुछ भी रहे हो। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमारे खिलाफ 2019 से दुष्प्रचार किए जाते रहे। विरोधी दुष्प्रचार करने में कामयाब हुए।

## अंडरपास के निर्माण का वर्क टेंडर जारी

- उत्तर रेलवे ने आरएस कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया अंडरपास निर्माण का टेंडर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**


**जींद।** रेलवे अधिकारियों से मिलते हुए महाबीर कंप्यूटर व व्यापारी।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल व सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, किसान संगठनों के संघर्ष की जीत हुई है। देवीलाल चौक पर अंडरपास के निर्माण का वर्क टेंडर जारी हुआ है। उत्तर रेलवे ने आरएस कंस्ट्रक्शन कंपनी को अंडरपास निर्माण का टेंडर दिया है। आगामी एक महीने के बाद अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू होगा। छह महीने के अंदर अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा करना होगा।

व्यापारी नेता महाबीर कंप्यूटर ने बताया कि यह शहर का मुख्य रास्ता था और शहर के लिए जीवनरेखा है। पिछले दिनों छोटे अंडरपास के निर्माण की मांग को लेकर धरने व आंदोलन किया गया था। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि अंडरपास निर्माण के लिए व्यापारी स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ रेलवे के अधिकारियों से भी मिले थे। यह रास्ता बंद होने की वजह से व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हुआ था तथा नजदीक लगते शमशान घाट तथा बनखंडी महादेव तथा बाल धर्मार्थ अस्पताल में जाने के के लिए लोगों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस अंडरपास के निर्माण के लिए जो संशय के बादल थे वह अब समाप्त हो चुके हैं। अब निश्चित तौर पर एक महीने के अंदर-अंदर अंडरपास निर्माण के लिए कार्य आरंभ हो जाएगा। अब पैदल यात्री व हाथ रेहड़ी, रिक्शा वालों को काफी आसानी होगी। इस अंडरपास की चैडाई तथा लंबाई लगभग तीन गुणा तीन मीटर का होगी। महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि पिछले दिनों लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस के निर्माण कार्य में विलम्ब हो गया था और लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों से व्यापारियों के शिष्टमंडल के साथ कई बार मुलाकात हुई थी।

## आरक्षण बढ़ाने से पिछड़े वर्गों में खुशी

**सफीदों।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जोगी ने यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। उन्होंने घोषणा करते हुए नौकरियों में पिछड़े वर्गोर् के आरक्षण के अंदर, क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपए कर दिया है। गुरप-ए और गुरप-बी के पदों में पिछड़े वर्गोर् का आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया है। इसके अलावा, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैगलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा।

### मंगलवार को समाधान शिविर में आई 220 शिकायतें

# डीसी ने अधिकांश का मौके पर करवाया समाधान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**



**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा व अन्य अधिकारी।

लघु सचिवालय परिसर स्थित कान्फ्रेंस हाल में मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में करीब 220 समस्याएं आई। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकांश समस्याओं का हाथोंहाथ समाधान करवाया। उन्होंने निर्देश दिए कि बुजुगोंर् और दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए। समस्या लेकर आने वाले व्यक्ति से समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दस्तावेज लिए जाएं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के साथ.साथ लोगों की संतुष्टि भी जरूरी है। समाधान शिविर में विशेषतौर पर जमीन पैमायश, खेतों में नालों का निर्माण, जमीन से अवैध कब्जा हटवाने, गली निर्माण, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन, मकान निर्माण, प्लाट दिलवाने, लाडली योजना का लाभ दिलाने, इंतकाल करवाने, पीपीपी में त्रुटियों को दुरूस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं आईं। डीसी ने सभी समस्याओं की गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए तत्परता के साथ कार्रवाई करें। शिविर में अनेक लोगों ने मकान बनाने के लिए प्लाट दिलवाने या फिर मकान निर्माण हेतू सहायता राशि दिलवाने की मांग की। समाधान शिविर में गांव सिंघवाल निवासी धूप सिंह ने उनके हिस्से की जमीन दिलवाने की मांग की। गांव झील निवासी रघुबीर ने डीसी को बताया कि उसके बेटे देवेंद्र ने अंतरजातीय विवाह किया है लेकिन उसको सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि नहीं मिली है। अन्य समस्याएं भी सुनीं गई।

**यह रहे मौजूद**

इस दौरान डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, सीईओ जिला परिषद डा. किरण, एसडीएम राकेश सैनी, डीएसपी गीतिका जाखड़, बिजली निगम अधीक्षण अभियंता जितेंद्र ढुल सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के पास पहुंचा बुनियादी सुविधाओं से महरूम करने का मामला

- आज भी गलियों में कच्ची खाई खोद कर घरों के गंदे पानी की निकासी करते हैं प्रभावित क्षेत्र के लोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत**

कलायत के रेलवे स्टेशन के ईद-गिर्द आवासीय इलाके में सीवरेज प्रणाली से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा मुख्यमंत्री पटल पर पहुंच गया है। कलायत-कौलेखां पुराने मार्ग के रेलवे फाटक पर स्थित नायक आवासीय कालोनी में सीवरेज की सुविधा नहीं है। जबकि करीब 14 वर्ष से शहर में सीवरेज प्रणाली शुरू हो चुकी है। बावजूद इसके आवासीय क्षेत्र के लोग आज गलियों में कच्ची खाई खोद कर घरों की निकासी करते हैं। जबकि रेलवे रोड से सटे इलाके में सुदृढ़ सीवरेज प्रणाली की दरकार है। बुनियादी सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री पटल पर सरकार का दरवाजा खटखटाने वाले सुभाष चंद चौहान, राम रत्न, राजकुमार, बबलू, धर्मवीर सिंह, मदन लाल, महावीर,



शमशेर सिंह, नवीन कुमार, राधेश्याम, सलोचना और दूसरे लोगों का कहना है सीवरेज व्यवस्था न होने के कारण उनका जीवन बेहाल है। आखिरकार वे घरों के गंदे पानी की निकासी कहां करें? शहर का हिस्सा होने के बाद भी उन्हें सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। पुराने कलायत-कौलेखां रेलवे फाटक के पास स्थित नायक आवासीय कालोनी में जहां आज तक सीवरेज लाइन नहीं पहुंची हैं।